M.A. Hindi Code No. (440)

**17P/237/22**

76

**Set No. – I** Question Booklet No. ...............................

(To be filled up by the candidate by ***blue/black ball-point pen***)

Roll No. | | | | | | | | | | |

Roll No.
(Write the digits in words) ............................... शून्य ............... 90. ...............

Serial No. of OMR Answer Sheet ...............................

Day and Date ............................... ............................... (Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the OMR Answer Sheet)

1. Within 30 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your ***Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen*** in the space provided above.
5. *On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the **Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and also Roll No. and OMR sheet No. on the Question Booklet.
7. Any changes in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by ball-point pen as mentioned in the **guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[ उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गये हैं। ]

SEAL

Total No. of Printed Pages : 16

collegedunia
India's largest Student Review Platform

FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

collegedunia
India's largest Student Review Platform

M.A. Hindi Code No, (440)

2017

17P/237/22(Set - I)

प्रश्नों की संख्या : 120

समय : 2 घण्टे ]  [ पूर्णांक : 360

नोट : (1) अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न 3 (तीन) अंकों का है। ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।*** प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक ***शून्य*** होगा।

(2) यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

**1.** भाषा के ध्वनि संकेत होते हैं :

(1) तार्किक (2) वैज्ञानिक (3) यादृच्छिक (4) असंगत

**2.** *निम्नांकित में अल्पप्राण मूर्द्धन्य ध्वनि है :*

(1) ट (2) ठ (3) त (4) थ

**3.** *निम्नलिखित में कौन-सा उपसर्ग विलोमसूचक अर्थ **नहीं** देता ?*

(1) अ (2) वि (3) दुः (4) अनु

**4.** जिन शब्दों के सार्थक खण्ड नहीं होते, उन्हें कहते हैं :

(1) रूढ़ (2) योगरूढ़ (3) यौगिक (4) कृत्रिम

**5.** 'दुर्व्यवहार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग ***नहीं*** प्रयुक्त हुआ है ?

(1) दुः (2) वि (3) अव (4) हार

**6.** उच्चारण स्थान के आधार पर 'ग' वर्ण है :

(1) तालव्य (2) कण्ठ्य (3) दन्त्य (4) मूर्द्धन्य

**7.** हिन्दी की लिपि है :

(1) देवनागरी (2) कैथी (3) ब्राह्मी (4) खरोष्ठी



P.T.O.

collegedunia
India's largest Student Review Platform

**8.** किसी भाषा की मूल ध्वनियों के व्यवस्थित समूह को कहते हैं :

(1) वर्ण (2) शब्द (3) वर्णमाला (4) अक्षर

**9.** 'रिक्शा' शब्द किस भाषा का है ?

(1) अंग्रेजी (2) चीनी (3) जापानी (4) पुर्तगाली

**10.** जो शब्द या शब्दांश किसी शब्द के पूर्व जुड़कर नए शब्दों की रचना करते हैं, उन्हें कहा जाता है :

(1) प्रत्यय (2) उपसर्ग (3) परसर्ग (4) विशेषण

**11.** अवधी बोली का क्षेत्र ***नहीं*** है :

(1) सीतापुर (2) आजमगढ़ (3) सुल्तानपुर (4) बहराइच

**12.** योजक चिह्न (–) का प्रयोग कहाँ ***नहीं*** होता है ?

(1) द्वन्द्व समास वाले शब्द युग्म के बीच

(2) सार्थक और निरर्थक शब्दों के साथ-साथ आने पर उनके बीच

(3) एक ही संज्ञा शब्द के दो बार आने पर उनके बीच

(4) एक वाक्य में कई संज्ञाओं के लगातार आने पर उन सबके बीच

**13.** निम्न में से किस शब्द में 'इक' प्रत्यय ***नहीं*** लगा है ?

(1) वितरित (2) वैज्ञानिक

(3) मौखिक (4) भौगोलिक

**14.** 'पवन' शब्द में प्रयुक्त संधि है :

(1) यण (2) अयादि (3) वृद्धि (4) गुण

**15.** 'कृपा' का विलोम शब्द है :

(1) दया (2) अनुग्रह (3) कोप (4) पतन

**16.** 'अभ्यागत' में प्रयुक्त उपसर्ग है :

(1) अभ (2) अभ्या (3) आगत (4) अभि

**17.** 'गोबर' का तत्सम शब्द है :

(1) गोमल (2) गोमय (3) गोवृद्धि (4) गोचर



collegedunia
India's largest Student Review Platform

18. प्रथम पद के विशेषण होने पर बनने वाला समास है :

(1) कर्मधारय (2) तत्पुरुष (3) द्विगु (4) द्वन्द्व

19. निम्न में एक 'सरस्वती' का पर्याय ***नहीं*** है :

(1) भारती (2) श्री (3) वाणी (4) धीश्वरी

20. 'मुकुट' शब्द किस कोटि का है ?

(1) देशज (2) विदेशी (3) तत्सम (4) तद्भव

21. 'हरि' शब्द के अर्थों में ***नहीं*** आता है :

(1) विष्णु (2) सिंह (3) वानर (4) पेड़

22. निम्न शब्दों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :

(1) उज्वल (2) अन्त्याक्षरी (3) अन्तर्ध्यान (4) चर्मोत्कर्ष

23. 'उच्चरित ध्वनि संकेतों' की सहायता से भाव-विचार को पूर्ण रूप से अभिव्यक्त करने वाला माध्यम है :

(1) साहित्य (2) संगीत (3) कला (4) भाषा

24. ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है ?

(1) मागधी (2) अर्द्धमागधी (3) शौरसेनी (4) पैशाची

25. 'गिरगिट की तरह रंग बदलना' मुहावरे का अर्थ है :

(1) बहुत चालाक होना (2) बेराह चलना (3) अवसरवादी होना (4) मूर्ख बनाना

26. मगही और भोजपुरी का सम्बन्ध है :

(1) बिहारी हिन्दी से (2) पूर्वी हिन्दी से (3) पश्चिमी हिन्दी से (4) खड़ी बोली से

27. किस बोली के कर्ताकारक में 'ने' परसर्ग प्रयुक्त ***नहीं*** होता है ?

(1) हरियाणवी (2) अवधी (3) कौरवी (4) मेवाती

28. आधुनिक भारतीय आर्यभाषा से सम्बन्धित ***नहीं*** है :

(1) संस्कृत (2) अपभ्रंश (3) प्राकृत (4) बंगला

29. राजभाषा संकल्प 1968 पुनः दुहराया गया :

(1) सन् 1981 में (2) सन् 1999 में (3) सन् 1995 में (4) सन् 2000 में





collegedunia India's largest Student Review Platform

**30.** सरकारी प्रपत्रों को द्विभासिक रूप में प्रस्तुत करने का उल्लेख है :

(1) धारा - 1 में (2) धारा - 2 में (3) धारा - 3/3 में (4) धारा - 3 में

**31.** *'मुख मयंक सम मंजु मनोहर'* – में कौन-सा अलंकार है ?

(1) उपमा (2) रूपक (3) उत्प्रेक्षा (4) भ्रान्तिमान

***निर्देश*** : निम्नांकित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्न सं० **32** से **36** तक के प्रश्नों के उत्तर ***सही*** विकल्पों का चयन करते हुए दीजिए :

'क्रोचे के कथनानुसार कवि के हृदय में कल्पना की स्थिति प्रतिभा के सदृश ही होती है और जिस प्रकार की प्रतिभा जन्मजात होती है, उसी प्रकार उनकी कल्पनाशास्त्र कृति भी, क्योंकि यही कल्पनात्मकता काव्य सृजन में उसकी मूल प्रेरणा होती है। अतएव इसे कवि का मौलिक धर्म कहा जा सकता है और वह काव्य में जो भाव अभिव्यक्त करता है वह इसी कल्पना की अभिव्यक्ति होती है। यहाँ पर स्मरणीय है कि क्रोचे ने अभिव्यंजनावाद के स्वरूप का जो विवेचन किया है, उसके मूल में भी यही धारणा है और उसने कल्पना का काव्य या कला में अत्यधिक महत्त्व मानते हुए कल्पना को कला का जीवन कहा है तथा उन धारणाओं का विरोध किया है जिनके अनुसार कल्पना को केवल बाह्य अभिव्यक्ति कहकर उसका महत्त्व कम किया जाता है। इस प्रकार वह कल्पना को ही मूल वस्तु मानकर यही कहता है कि उससे ही अभिव्यक्तिगत कलात्मकता प्राप्त होती है और उसने 'एस्थेटिक्स' में कल्पना को आन्तरिक और अभिव्यक्ति को वाह्य तत्त्व बतलाया है।

**32.** क्रोचे ने कल्पना और प्रतिभा को माना है :

(1) एक ही तत्त्व के दो नाम

(2) दो पृथक् किन्तु सहयोगी तत्त्व

(3) दो तत्त्वों का एक ही स्वरूप

(4) परस्पर विरोधी तत्त्व

**33.** कवि में कल्पना और प्रतिभा दोनों की विद्यमानता होती है :

(1) निरन्तर अभ्यास के द्वारा

(2) अध्ययन के द्वारा

(3) जन्मजात रूप से

(4) दूसरों के सहयोग से

**34.** क्रोचे ने कवि का मौलिक धर्म कहा है :

(1) प्रतिभा को

(2) अभ्यास को

(3) कल्पना को

(4) लेखन को

**35.** क्रोचे के अनुसार कला का जीवन है :

(1) सुन्दर शब्द

(2) सटीक अभियोजन

(3) रमणीयता

(4) कल्पना



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**36.** काव्य या कला में वाह्य तत्त्व माना गया है :

(1) ज्ञान को (2) अभिव्यक्ति को (3) कल्पना को (4) विचार को

**37.** ध्वनि सिद्धान्त के उद्घोषक आचार्य हैं :

(1) आनन्दवर्धन (2) कुन्तक (3) क्षेमेन्द्र (4) मम्मट

**38.** 'वेपथु' कैसा अनुभाव है ?

(1) बौद्धिक (2) सात्विक (3) वाचिक (4) आंगिक

**39.** नाटक को 'पंचम वेद' की मान्यता किसने प्रदान की ?

(1) भरत मुनि (2) विश्वनाथ (3) भामह (4) पाणिनि

**40.** *'काव्य शोभायाः कर्त्तारो धर्मा गुणाः'* – काव्यगुण का यह सूत्र किसने लिखा ?

(1) भरत (2) दण्डी (3) वामन (4) मम्मट

**41.** *'प्रेम प्रीति कौ बिरवा चले लगाय'।*

*सींचन की सुधि लीजियो, मुरझि न जाय।'*

– उपर्युक्त में कौन-सा छन्द है ?

(1) दोहा (2) रोला (3) सोरठा (4) बरवै

**42.** *'नीर भरे नितप्रति रहैं तऊ न प्यास बुझाय'* – पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(1) विशेषोक्ति (2) उदाहरण (3) निदर्शना (4) प्रतिवस्तूपमा

**43.** 'साधारणीकरण' की उद्भावना किस आचार्य ने की ?

(1) भट्ट लोल्लट (2) भट्ट शंकुक (3) भट्ट नायक (4) अभिनव गुप्त

**44.** नाट्यसंधियों की कितनी संख्या मानी गई है ?

(1) 8 (2) 5 (3) 7 (4) 6

**45.** *'प्राणधन को स्मरण करते, नयन झरते, नयन झरते'* – में कौन-सी शब्द-शक्ति है ?

(1) अभिधा (2) लक्षणा (3) व्यंजना (4) तात्पर्यावृत्ति

**46.** 'चकपकाहट' नामक संचारी भाव की उद्भावना किस आचार्य ने की ?

(1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (2) डॉ० नगेन्द्र

(3) आचार्य नन्ददुलारे बाजपेयी (4) बाबू श्याम सुन्दर दास



collegedunia
India's largest Student Review Platform

47. 'भारतीय काव्यशास्त्र के नए क्षितिज' पुस्तक के रचनाकार हैं :

(1) डॉ० राममूर्ति त्रिपाठी (2) डॉ० भगीरथ मिश्र

(3) भगवतस्वरूप मिश्र (4) डॉ० रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'

48. साहित्य की किस विधा में 'रंग-निर्देश' होता है ?

(1) कविता (2) कहानी (3) उपन्यास (4) नाटक

49. निम्नलिखित में कौन पारसी नाटककार *नहीं* है ?

(1) आगाहश्र 'कश्मीरी' (2) राधेश्याम 'कथा वाचक'

(3) बिपिन कुमार अग्रवाल (4) नारायण प्रसाद 'बेताब'

50. भिखारी ठाकुर का 'बिदेसिया' है :

(1) लोक कथा (2) लोक नाट्य (3) लोक गीत (4) लोक गाथा

51. 'फैंटेसी' के कवि हैं :

(1) मुक्तिबोध (2) अज्ञेय (3) शमशेर बहादुर (4) रघुवीर सहाय

52. 'कहानी और कहानी' किसकी समीक्षात्मक कृति है ?

(1) बच्चन सिंह (2) रघुवंश (3) नेमिचन्द्र जैन (4) नामवर सिंह

53. "काव्य में उन्होंने सौन्दर्यानुसंधान किया है और उसे जीवन-चेतना से सम्पृक्त रखा है, किन्तु कथा साहित्य और नाटक की आलोचना में वे मुख्य रूप से मूल जीवन-चेतना और सामाजिक प्रभाव तथा उनके परिदृश्य का आकलन करते हैं।" – यह कथन किस समीक्षक के सम्बन्ध में है ?

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी (2) रामचन्द्र शुक्ल

(3) नन्ददुलारे बाजपेयी (4) नगेन्द्र

54. निम्नांकित में एक समीक्षा कृति डॉ० रामविलास शर्मा की *नहीं* है :

(1) नई कविता और अस्तित्ववाद (2) दो-आब

(3) प्रेमचन्द और उनका युग (4) निराला की साहित्य साधना

55. "भारतवर्ष का लोकनायक वही हो सकता है जो समन्वय का अपार धैर्य लेकर आया हो।" – यह कथन किसका है ?

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी (2) जॉर्ज ग्रियर्सन

(3) नगेन्द्र (4) रामचन्द्र शुक्ल



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**56.** आचार्य शुक्ल ने 'लोकमंगल की साधनावस्था का काव्य' – किस कवि की रचनाओं को कहा है ?

(1) जायसी (2) कबीर (3) तुलसीदास (4) सूरदास

**57.** निर्गुण ज्ञानाश्रयी शाखा को संतकाव्य की संज्ञा देने वाले विद्वान हैं :

(1) राहुल सांकृत्यायन (2) रामकुमार वर्मा (3) गणपति चन्द्र गुप्त (4) रामचन्द्र शुक्ल

**58.** 'मिश्रबंधु विनोद' में कितने खण्ड हैं ?

(1) एक (2) दो (3) तीन (4) चार

**59.** डॉ० रामकुमार वर्मा के अनुसार हिन्दी का प्रथम कवि कौन है ?

(1) सरहपा (2) धनपाल (3) पुष्पदन्त (4) स्वयंभू

**60.** 'बीसलदेव रासो' का प्रमुख वर्ण्य विषय है :

(1) वीर (2) करुण (3) शृंगार (4) रौद्र

**61.** 'उत्तर अपभ्रंश ही पुरानी हिन्दी है' – की घोषणा करने वाले हैं :

(1) राहुल सांकृत्यायन (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (4) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

**62.** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार भक्तिकाल की समय-सीमा है :

(1) सन् 1318-1643 ई० (2) सन् 1375-1700 ई०
(3) सन् 1350-1675 ई० (4) सन् 1400-1700 ई०

**63.** *'खेती न किसान को भिखारी को न भीख बलि'* – पंक्ति में किस काल का वर्णन हुआ है ?

(1) मौर्यकाल (2) गुप्तकाल (3) मुगलकाल (4) अंग्रेजी काल

**64.** कबीर की साखियों में प्रयुक्त छन्द है :

(1) दोहा (2) चौपाई (3) कवित्त (4) बरवै

**65.** निम्न में से कौन-सा तत्त्व निर्गुणोपासना में ***नहीं*** है ?

(1) गुरु महिमा (2) नाम स्मरण (3) दैन्य भावना (4) गोचर आलम्बन

**66.** 'सुआ' को पथ-प्रदर्शक गुरु बताने वाला ग्रंथ है :

(1) पद्मावत (2) चान्दायन (3) युसुफ़-जुलेखा (4) अनुराग बाँसुरी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**67.** सन्त-सम्प्रदाय की विशेषता ***नहीं*** है :

(1) ईश्वर से गुरु को महान मानना
(2) ईश्वर को पति भाव से मानना
(3) सख्य भाव की भक्ति करना
(4) आडम्बरों का विरोध करना

**68.** 'कबीर वाणी के डिक्टेटर हैं' — कथन किसका है ?

(1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) गार्सां द तासी
(4) परशुराम चतुर्वेदी

**69.** मीराबाई के गुरु के रूप में कौन प्रसिद्ध है ?

(1) नानकदेव (2) नामदेव (3) जम्भनाथ (4) रैदास

**70.** 'दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा' का मुख्यालय कहाँ है ?

(1) दिल्ली (2) पूना (3) चेन्नई (4) नागपुर

**71.** किसकी शिष्य परम्परा में सगुणोपासक और निर्गुणोपासक दोनों थे ?

(1) रामानुज (2) रामानन्द (3) तुलसीदास (4) कबीरदास

**72.** 'भक्तमाल' के प्रसिद्ध रचनाकार हैं :

(1) नाभादास (2) नन्ददास (3) वैकुण्ठदास (4) गोकुलनाथ

**73.** 'कठिन काव्य के प्रेत' कहे जाते हैं :

(1) नन्ददास (2) केशवदास (3) रहीम (4) सूरदास

**74.** रामचरितमानस के प्रथम श्लोक में किसकी वन्दना हुई है ?

(1) गणेश की (2) सरस्वती की (3) दोनों की (4) किसी अन्य की

**75.** वल्लभ सम्प्रदाय में 'पुष्टि' का अर्थ है :

(1) सिद्धि (2) सहायता (3) परिणाम (4) भगवत्कृपा

**76.** निम्न में से कौन अष्टछाप का कवि ***नहीं*** है ?

(1) विष्णुस्वामी (2) गोविन्द स्वामी (3) छीत स्वामी (4) चतुर्भुजदास

**77.** *'पुष्टिमारग को जहाज जातु है'* — कथन किसके प्रति है ?

(1) बल्लभाचार्य (2) विट्ठलनाथ (3) सूरदास (4) परमानन्ददास

**78.** *'सन्तन को कहा सीकरी सों काम'* — प्रसिद्ध पद के रचयिता हैं :

(1) सूरदास (2) कुम्भनदास (3) नन्ददास (4) परमानन्ददास



collegedunia
India's largest Student Review Platform

79. *'कोटिक हूँ कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं'* – किस कवि की पंक्ति है ?
(1) आलम (2) घनानन्द (3) रहीम (4) रसखान

80. 'अज्ञेय' को किस कृति पर 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार दिया गया ?
(1) कितनी नावों में कितनी बार (2) नदी के द्वीप
(3) शेखर एक जीवनी (4) मेरे देश की आँखें

81. रीतिकाल की समय सीमा मानी जाती है :
(1) सन् 1643 ई० - 1843 ई० तक (2) सन् 1700 ई० - 1900 ई० तक
(3) सन् 1500 ई० - 1800 ई० तक (4) सन् 1600 ई० - 1750 ई० तक

82. *'आगे के सुकवि रीझिहैं तौ कविताई न तु राधिका कन्हाई सुमिरन को बहानो हैं'* – उक्ति किस कवि की है ?
(1) मतिराम (2) देव (3) भिखारीदास (4) सेनापति

83. रीतिकाल के संदर्भ में 'रीति' का अर्थ है :
(1) परम्पराएँ (2) पद्धति (3) लोकाचार (4) काव्यगुण

84. 'देव' कवि किस सिद्धान्त के पोषक हैं ?
(1) ध्वनि (2) अलंकार (3) रीति (4) रस

85. रीतिकालीन कवियों को रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध और रीतिमुक्त – इन तीन वर्गों में किसने बाँटा है ?
(1) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (2) डॉ० नगेन्द्र
(3) नामवर सिंह (4) महेन्द्र कुमार

86. आधुनिक काल को गद्यकाल की संज्ञा किसने दी है ?
(1) डॉ० नगेन्द्र (2) रामविलास शर्मा
(3) रामचन्द्र शुक्ल (4) नामवर सिंह

87. भारतीय संदर्भों से सम्बन्धित प्रथम समाचार-पत्र 'संवाद कौमुदी' कब निकला था ?
(1) 1810 ई० (2) 1815 ई० (3) 1820 ई० (4) 1821 ई०

88. *'भीतर-भीतर सब रस चूसै, हँसि हँसि कै तन-मन-धन मूसै।*
*जाहिर बातन में अति तेज, का सखि साजन, नहिं अंगरेज।'*
– उपर्युक्त पंक्तियों के लेखक हैं :
(1) प्रताप नारायण मिश्र (2) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(3) बालकृष्ण भट्ट (4) प्रेमघन



collegedunia
India's largest Student Review Platform

89. हिन्दी के रूप में उर्दू मिश्रित भाषा के समर्थक थे :
(1) लक्ष्मण सिंह (2) शिवप्रसाद सिंह (3) भारतेन्दु (4) बालकृष्ण भट्ट

90. 'श्यामा स्वप्न' के लेखक हैं :
(1) ठाकुर जगन्मोहन सिंह (2) देवकीनन्दन खत्री
(3) बालकृष्ण भट्ट (4) रायकृष्ण दास

91. किस उपन्यास के बारे में प्रसिद्ध है कि 'इसे पढ़ने के लिए बहुत लोगों ने हिन्दी सीखी' ?
(1) चन्द्रकान्ता (2) परीक्षागुरु (3) श्यामा स्वप्न (4) अद्‌भुत लाश

92. हिन्दी कहानी का उद्‌भव किस पत्रिका के प्रकाशन के साथ माना जाता है ?
(1) प्रताप (2) ब्राह्मण (3) सरस्वती (4) नागरी नीरद

93. दाँत, भौं, मूँछ आदि विषयों पर निबन्ध लिखने वाले हैं :
(1) भारतेन्दु (2) सुदर्शन
(3) प्रताप नारायण मिश्र (4) बैजनाथ

94. 'जागरण सुधार काल' किस युग के लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(1) छायावाद युग (2) प्रगतिवादी युग (3) भारतेन्दु युग (4) द्विवेदी युग

95. द्विवेदी युग की विशेषता *नहीं* है :
(1) राष्ट्रीयता की भावना (2) नारी विषयक उदार दृष्टिकोण
(3) इतिवृत्तात्मक काव्य रचना (4) श्रृंगार वर्णन

96. 'शंख घोष' को 2016 का कौन-सा सम्मान-पुरस्कार मिला ?
(1) ज्ञानपीठ (2) साहित्य अकादमी (3) व्यास सम्मान (4) भारत भारती

97. 2016 का साहित्य अकादमी पुरस्कार निम्न में किसको प्राप्त हुआ है ?
(1) मैत्रेयी पुष्पा (2) नासिरा शर्मा (3) सूर्यबाला (4) चित्रा मुद्‌गल

98. डॉ० नगेन्द्र द्वारा लिखित संस्मरण किस नाम से संकलित है ?
(1) दस तस्वीरें (2) जिनका मैं कृतज्ञ (3) चेतना के बिम्ब (4) समय के पाँव

99. रामदरश मिश्र की कृति 'जहाँ मैं बड़ा हूँ' किस विधा से सम्बन्धित है ?
(1) उपन्यास (2) कहानी (3) संस्मरण (4) आत्मकथा



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

100. 'ताँबे के कीड़े' किसका एकांकी संग्रह है ?
(1) रामकुमार वर्मा (2) भुवनेश्वर (3) उदयशंकर भट्ट (4) उपेन्द्रनाथ अश्क

101. 'विलोम' किस नाटक का पात्र है ?
(1) आषाढ़ का एक दिन
(2) कोणार्क
(3) लहरों के राजहंस
(4) आधे-अधूरे

102. 'नवगीत दशक' के सम्पादक थे :
(1) मुक्तिबोध (2) शमशेर (3) त्रिलोचन (4) शम्भूनाथ सिंह

103. 'नए मूल्यों' और 'नए शिल्प विधानों' का अन्वेषण करने वाली काव्यधारा है :
(1) छायावाद (2) प्रगतिवाद (3) नई कविता (4) प्रयोगवाद

104. निम्नलिखित में किस कृति को 'शक्ति काव्य' की संज्ञा दी गई है ?
(1) कामायनी
(2) राम की शक्तिपूजा
(3) कुकुरमुत्ता
(4) जागो फिर एक बार

105. 'आत्महत्या के विरुद्ध' किसकी रचना है ?
(1) रघुवीर सहाय (2) कुँवर नारायण (3) मुक्तिबोध (4) धर्मवीर भारती

106. निम्नलिखित में कौन 'तारसप्तक' का कवि *नहीं* है ?
(1) अज्ञेय (2) मुक्तिबोध (3) हरिनारायण व्यास (4) नेमिचन्द्र जैन

107. आचार्य शुक्ल ने छायावाद का प्रथम व प्रतिनिधि कवि माना है :
(1) प्रसाद को
(2) निराला को
(3) महादेवी को
(4) सुमित्रानन्दन पंत को

108. 'कालचक्र' डायरी विधा की रचना के लेखक हैं :
(1) भारतेन्दु (2) दिनकर (3) अज्ञेय (4) जैनेन्द्र

109. 'गिलिगिडु' उपन्यास के लेखक हैं :
(1) नासिरा शर्मा
(2) चित्रा मुद्गल
(3) आर० के० पालीवाल
(4) मैत्रेयी पुष्पा

110. 'जा तू प्रिये छोड़कर बन्धन, मैं छन्दों की राह' — पंक्ति के लेखक है :
(1) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(2) अज्ञेय
(3) निराला
(4) पंत



P.T.O.

collegedunia
India's largest Student Review Platform

**111.** 'शवयात्रा' कहानी के लेखक हैं :

(1) हृदयेश (2) सूरज पालीवाल

(3) शरद कुमार (4) ओम प्रकाश वाल्मीकि

**112.** 'आलोचना के शिखरों से साक्षात्कार' — के लेखक हैं :

(1) रामचन्द्र तिवारी (2) नन्ददुलारे बाजपेयी (3) राम विलास शर्मा (4) नामवर सिंह

**113.** 'कसाईबाड़ा' — कहानी के लेखक हैं :

(1) अखिलेश (2) शिवमूर्ति (3) सतीश जमाली (4) मंजूर एहतेशाम

**114.** 'लोभ और प्रीति' निबन्ध के लेखक हैं :

(1) श्यामसुन्दर दास (2) बालमुकुन्द गुप्त

(3) रामचन्द्र शुक्ल (4) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

**115.** *'मेरे इस जीवन के देवता और उस जीवन के प्राप्य ! क्षमा !'* — यह पंक्ति किस प्रसिद्ध नाटक की है ?

(1) चन्द्रगुप्त (2) स्कंदगुप्त (3) विशाख (4) ध्रुवस्वामिनी

**116.** दहेजप्रथा, कुलीनता का प्रश्न, पत्नी का स्थान जैसी विवाह से जुड़ी समस्याओं को प्रेमचन्द ने किस उपन्यास में उठाया है ?

(1) निर्मला (2) रंगभूमि (3) गबन (4) सेवासदन

**117.** "छायावाद तत्वतः प्रकृति के बीच जीवन का उद्‌गीय है। ........ उसका मूल दर्शन सर्वात्मवाद है।" छायावाद की यह परिभाषा किसकी है ?

(1) जयशंकर प्रसाद (2) सुमित्रानन्दन पंत (3) महादेवी वर्मा (4) रामकुमार वर्मा

**118.** 'गीतफरोश' नामक प्रसिद्ध कविता के रचनाकार हैं :

(1) वीरेन्द्र मिश्र (2) भवानी प्रसाद मिश्र (3) केदारनाथ अग्रवाल (4) भगवतीचरण वर्मा

**119.** 'चिठिया हो तो हर कोई बाँचै' — किसके पत्रों का संग्रह है ?

(1) धर्मवीर भारती (2) फणीश्वर नाथ 'रेणु' (3) देवीशंकर अवस्थी (4) रामविलास शर्मा

**120.** 'हवा में तैरते हुए' — यात्रावृत्त के लेखक कौन हैं ?

(1) राजेन्द्र अवस्थी (2) रामदरश मिश्र (3) अजित कुमार (4) शिवप्रसाद सिंह



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

collegedunia
India's largest Student Review Platform

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण-पृष्ठ पर तथा ओ०एम०आर० उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल ***नीली/काली बाल-प्वाइंट पेन*** से ही लिखें)

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 30 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में ***लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त***, लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। ***इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***
4. अपना ***अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से*** निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. ***उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।***
6. ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्न-पुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्न-पुस्तिका पर अनुक्रमांक संख्या और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।
7. उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।
8. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। ***प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिये आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार बाल-प्वाइंट पेन से गाढ़ा करना है।***
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. ***ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है।*** यदि आप किसी प्रश्न का ***उत्तर नहीं देना चाहते हैं***, तो सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।
11. रफ कार्य के लिये इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा अंतिम खाली पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त ***केवल ओ० एम० आर० उत्तर-पत्र*** ही परीक्षा भवन में जमा करें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की भागी होगा/होगी।

collegedunia
India's largest Student Review Platform